नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 7,995 करोड़ के समझौते पर हस्ताक्षर


6 आईआईटी व हाईकोर्ट के नाम में बॉम्बे क्यों?


7 50 देशों के साथ एफटीए पर बातचीत


8 ऑस्ट्रेलिया टीम से कमिंस फिर बाहर

# रेप के आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर

## पुलिस की पंक्चर गाड़ी से कूदकर भाग रहा था, पुलिस ने पैर में गोली मारकर पकड़ा





**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 28 नवम्बर. 6 साल की बच्ची से रेप करने का आरोपी सलमान गुरुवार देर रात शॉर्ट एनकाउंटर में घायल हो गया. पुलिस जब उसे गौहरगंज ले जा रही थी, तभी उसने भागने की कोशिश की. इसके बाद पुलिस को उसे पैर में गोली मारना पड़ी. आरोपी का भोपाल के हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है. उसकी हालत खतरे से बाहर है.**

जानकारी के अनुसार आरोपी सलमान को गुरुवार देर रात पुलिस ने भोपाल के गांधी नगर से गिरफ्तार किया था. रायसेन पुलिस आरोपी को लेकर घटना स्थल गौहरगंज जा रही थी, तभी भोजपुर के कीरत नगर गांव के जंगल के पास पुलिस का वाहन पंक्चर हो गया. इसके बाद पुलिस ने दूसरे वाहन में जैसे ही आरोपी सलमान को बैठाने का प्रयास किया, उसने एएसआई श्यामराज सिंह की सर्विस रिवॉल्वर छीनकर फायर करने का प्रयास किया. इसी बीच पुलिस टीम ने उसके पैर में गोली मार कर उसे पकड़ लिया.

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी सलमान ने घटना को अंजाम देने के बाद 21 नवंबर की देर रात गौहरगंज की एक दुकान में सिगरेट खरीदी थी. इसके बाद वह स्थानीय लोगों को आता देख वहां से फरार हो गया था. दूसरे दिन वह भोपाल भागने की फिराक में था, तभी पुलिस और स्थानीय लोग उसकी तलाश शुरू कर दी. इससे उसे भागने का मौका नहीं मिला और वह गौहरगंज के जंगलों में तीन दिन तक छिपा रहा. भोपाल और इंदौर की पुलिस उसकी सड़कों पर तलाश कर रही थी, लेकिन वह रायसेन जिले के जंगलों से होते हुए रात के अंधेरे में भोपाल जिले की सीमा में प्रवेश कर गया.

**21 नवंबर को किया था दुष्कर्म**

21 नवंबर की शाम 6 साल की बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी. 23 वर्षीय आरोपी सलमान उसे चॉकलेट दिलाने के बहाने जंगल की ओर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर मौके से फरार हो गया था. बच्ची बाद में रोती हुई जंगल में मिली थी. बच्ची को इलाज के लिए भोपाल एम्स में भर्ती किया गया है, जहां उसकी हालत में सुधार हो रहा है. पुलिस ने आरोपी पर 30 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था.

इस संबंध में आईजी मिथलेश शुक्ला ने प्रेस वार्ता की. आई जी ने बताया कि आरोपी सलमान गांधीनगर भोपाल से गिरफ्तार किया गया है और उसे सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी.



हिट वेब सीरीज के तीसरे सीजन को जबरदस्त समीक्षाएँ मिलीं !

## जैश-ए-मोहम्मद का ठिकाना ध्वस्त

**अनंतनाग, 28 नवंबर.** अवंतीपोरा पुलिस और सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी ठिकाने को ध्वस्त कर दिया.

यह कार्रवाई अवंतीपोरा के ननार मीडूरा क्षेत्र में की गई, जहां विश्वसनीय सूचना मिलने पर पुलिस, 42 आरआर और 180 बटालियन सीआरपीएफ ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान शुरू किया.

तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति को पकड़ा, जिसकी पहचान नजीर अहमद गनई, पुत्र अब्दुल अजीज गनई, निवासी गनई मोहल्ला ननार के रूप में हुई. पुलिस के अनुसार नजीर जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा हुआ है और वह आतंकियों को सहायता प्रदान करता रहा है.

### एक नजर में



**गढ़पाले को एमडी मप्र पॉवर मैनेजमेंट कंपनी का प्रभार**

**भोपाल.** राज्य सरकार ने विशेष गढ़पाले सचिव ऊर्जा विभाग को अपने मौजूदा दायित्वों के साथ प्रबंध संचालक मप्र पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड जबलपुर का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा है. दरअसल अब तक मप्र पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के एमडी रहे अविनाश लवनिया की सेवाएं केंद्र सरकार को सौंप दी गई है. उन्हें केंद्र में निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नईदिल्ली के पद पर भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन पदस्थ किया गया है. उन्हें नये दायित्व के लिये 27 नवंबर को रिलीव भी कर दिया गया है.

**कार पर डंपर पलटने से 7 लोगों की मौत**

**सहारनपुर.** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे स्थित सोना सैयद माजरा गांव के पास तेज रफ्तार बजरी से भरा डंपर कार पर पलट गया. हादसे में मां, बेटा, बेटी और दामाद समेत सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. सभी एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे. गुस्साएं लोगों ने कई घंटों तक एक्सप्रेसवे को जाम किए रखा. अधिकारियों के मुआवजा और अन्य मांगों को पूरा किए जाने के लिखित आश्वासन पर भी जब जाम नहीं खोला तो पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को हटाया गया. वहीं पुलिस ने मौके पर लोगों की मदद से डंपर के ड्राइवर और कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया है. हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने घटनास्थल से थोड़ी दूर स्थित चमारीखेड़ा टोल पर पहुंच कर जाम लगा दिया. आरोप था कि एनएचएआई और जिला प्रशासन की वजह से यह हादसा हुआ है.

**जम्मू-कश्मीर में तीन संदिग्ध आतंकी दिखे**

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू किया. यह कार्रवाई तब हुई जब तीन संदिग्ध आतंकियों के इलाके में देखे जाने की सूचना मिली.शुरुआती सूचना के अनुसार, ये तीनों संदिग्ध चिल्ला बलोठा गांव में एक स्थानीय व्यक्ति से खाना लेकर पास के जंगल की ओर भाग गए. जानकारी मिलते ही सेना और पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया और बसंतगढ़ के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया.

**केंद्र और हरियाणा सरकार को सुको ने दिया नोटिस**

**नई दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कार्य स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों में पीरियड्स से गुजर रही या गायनेकोलॉजिकल दिक्कतों का सामना कर रही महिलाओं की निजता और स्वास्थ्य सुरक्षा के मुद्दे पर केंद्र और हरियाणा सरकार को नोटिस जारी किया. न्यायालय ने यह नोटिस सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) की याचिका पर नोटिस जारी किया जिसमें कार्य स्थलों और शैक्षणि संस्थानों इंस्टीट्यूशन में पीरियड्स से गुज़र रही या गायनेकोलॉजिकल दिक्कतों का सामना कर रही महिलाओं की निजता और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए देश भर में ज़रूरी दिशानिर्देश जारी करने की मांग की गयी थी।

## महू में दिनदहाड़े बैंक से 10 लाख की लूट

- बाइक सवार दो बदमाश बैग छीन हो गए फरार
- कर्मचारियों को भी देखा जा रहा हैं, शंका की नजर से



**नव भारत न्यूज**

**महू, 28 नवंबर. शहर के ड्रीमलैंड चौराहे पर बैंक ऑफ बड़ौदा के बाहर बाइक सवार दो बदमाशों ने शराब कंपनी के कर्मचारी से 10 लाख रुपए से भरा बैग छीन लिया. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है. मामले में पुलिस कुछ कर्मचारियों पर भी शंका कर रही है.**

शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे महू के ड्रीमलैंड चौराहे पर यह वारदात हुई. शराब कंपनी के कर्मचारी हर्षित, गौरव और रौनक बैंक से 10 लाख रुपए निकालकर बैग में रखकर बाहर निकले. तभी मौके पर ताक लगाकर खड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने बैग छीन लिया और तेज़ी से फरार हो गए. घटना की सूचना मिलने पर कर्मचारियों ने तुरंत अपने ठेकेदार बद्री फौजी को अवगत कराया. ठेकेदार ने पुलिस को सूचित किया. कोतवाली थाना प्रभारी राहुल शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी. एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है. शराब ठेकेदार के बेटे अमन ठाकुर ने कहा कि बैग हर्षित के हाथ में था और सभी कर्मचारी मानपुर के रहने वाले हैं. उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस लूट में कर्मचारियों पर शक है.

## मोदी ने किया श्रीराम की 77 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

- 550 वर्षों में मठ ने अपनी दिशा नहीं खोई : पीएम
- संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में लगी है प्रतिमा



**पणजी/उडुपी, 28 नवम्बर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा में भगवान श्रीराम की 77 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया. यह प्रतिमा कांस्य से बनी है और श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में लगी है. भगवान श्रीराम की इस प्रतिमा का स्वरूप अयोध्या की मूर्ति से काफी मिलता-जुलता है. इसमें भगवान राम के हाथ में धनुष-बाण और चेहरे पर सौम्यता व दिव्यता का भाव दिखता है.**

पीएम मोदी ने श्री संस्थान गोकर्ण पर्तगाली जीवोत्तम मठ के 550वें वर्ष के उत्सव 'सार्ध पंचशतामनोत्सव' में शामिल होकर इस प्रतिमा का अनावरण किया. इसके बाद वर्षगांठ समारोह में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह बहुत ऐतिहासिक अवसर है. बीते 550 वर्षों में इस संस्था ने समय के कितने ही चक्रवात झेले. युग बदला, दौर बदला, देश और समाज में कई परिवर्तन हुए, लेकिन बदलते युगों और चुनौतियों के बीच भी इस मठ ने अपनी दिशा नहीं खोई. यह मठ लोगों को दिशा देने वाला केंद्र बनकर उभरा. पीएम मोदी ने कहा कि जब कोई संस्था सत्य और सेवा पर खड़ी होती है तो समय के बदलाव से डगमगाती नहीं बल्कि समाज को टिके रहने की शक्ति देती है.

**पीएम ने 1 लाख लोगों के साथ गीता का किया पाठ**

गोवा से पहले दिन में पीएम कर्नाटक पहुंचे थे. उडुपी में उन्होंने श्री कृष्ण मठ में पूजा-अर्चना की थी. यहां सुवर्ण तीर्थ मंडप का उद्घाटन किया और सोने का कलश चढ़ाया. इसके बाद पीएम ने 1 लाख लोगों के साथ श्रीमद्भगवद गीता का पाठ किया. पीएम ने उडुपी में 25 मिनट की स्पीच दी. यहां उन्होंने श्रीकृष्ण के गीता के उपदेशों की बात की. पीएम ने कहा- भगवत गीता हमें सिखाती है कि शांति और सच्चाई को वापस लाने के लिए अत्याचारी का अंत करना जरूरी है.

## तूफान 'दितवा' का कहर

### श्रीलंका में 56 लोगों की मौत और 14 घायल

**कोलंबो, 28 नवंबर (वार्ता) चक्रवाती तूफान 'दितवा' ने श्रीलंका में भीषण तबाही मचाई है. इससे अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 21 लोग लापता और 14 घायल हुए हैं. आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार चक्रवाती तूफान से करीब 50 हजार लोग प्रभावित हुए हैं.**




रिपोर्ट के मुताबिक लगातार भारी बारिश और तेज हवाओं से कई जिलों में नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है. सरकार ने केलानी नदी घाटी के कई निचले इलाकों में अगले 48 घंटे के भीतर बाढ़ की आशंका जताते हुए राजधानी कोलंबो सहित कई क्षेत्रों को अलर्ट पर रखा है. देश के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में अत्यधिक बारिश हुई है. कई इलाकों में बारिश की मात्रा 200 से 300 मिलीमीटर दर्ज की गई है. मौसम विभाग के अनुसार तूफान का केंद्र त्रिंकोमाली से लगभग 50 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है और इसके उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की आशंका है.

## अब घर बैठे अपडेट करें आधार का मोबाइल नंबर

**नई दिल्ली, 28 नवंबर.** आधार कार्ड पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए अब आधार सेंटर, पोस्ट ऑफिस के चक्कर काटने की जरूरत नहीं होगी. अब आधार कार्ड होल्डर्स घर बैठे मोबाइल नंबर अपडेट कर सकेंगे. इसके लिए यूआईडीएआई ने खुद एक्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया है. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने न्यू आधार एप को लॉन्च किया है, जो अपने आप में बेहद ही खास है. जब इस ऐप के फीचर्स को चेक किया तो इसमें आधार कार्ड पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर को आसानी से बदले का ऑप्शन मिला. यूआईडीएआई के मुताबिक मोबाइल नंबर अपडेट करने की प्रोसेस काफी सिंपल रखी गई है।

## 6 माह में जीडीपी हुई सबसे मजबूत

- केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने आंकड़े किए जारी
- जीडीपी वृद्धि दर दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत




**नई दिल्ली 28 नवम्बर (वार्ता). सभी अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2025) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें सेवा क्षेत्र और विनिर्माण की वृद्धि दर नौ प्रतिशत से अधिक रही। इस दौरान निजी खपत में तेजी दर्ज की गई जबकि सरकारी खपत में एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में हल्की गिरावट रही।**

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, दूसरी तिमाही में स्थिर मूल्य पर आधारित जीडीपी 48.63 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की समान तिमाही के 44.94 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.2 प्रतिशत अधिक है। यह जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के बाद सबसे तेज बढ़ोतरी है। इससे पहले, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही - अप्रैल-जून 2025 के दौरान जीडीपी 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था।आलोच्य तिमाही में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत और विनिर्माण क्षेत्र की 9.1 प्रतिशत दर्ज की गयी। जीडीपी के आंकड़ों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्साह जताया है। उन्होंने कहा कि क्यू 2 में जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत काफी उत्साहजनक है। ये सरकार के बड़े फैसले और पॉलिसी रिफॉर्म्स का नतीजा है।

## शाहीन को लेकर फरीदाबाद पहुंची एनआईए की टीम

**फरीदाबाद, 28 नवंबर.** आतंकी मुजम्मिल की गिरफ्तारी के बाद अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उसकी सहयोगी डॉक्टर शाहीन को भी फरीदाबाद लाकर कई अहम जगहों की निशानदेही करवाई। एनआईए की टीम डॉक्टर शाहीन को अल-फलाह मेडिकल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल, मेडिकल वार्ड और क्लासरूम सहित कई संवेदनशील स्थानों पर लेकर गई। शाहीन ने कमरे नंबर 22 से लेकर अपने सभी संपर्कों और गतिविधियों की पहचान की। इसके साथ ही एजेंसी उसे खोरी जमालपुर भी लेकर गई, जहां उसका और मुजाम्मिल का निकाह हुआ था।

**भविष्यवाणी** आज से शनि मार्गी : सभी 12 राशियों पर बड़े बदलाव

# इन 5 राशियों को मिलेगा सबसे ज्यादा फायदा

**डॉ. आशुतोष उपाध्याय**

**29 नवंबर को शनि मार्गी होने जा रहें है और इस खगोलीय परिवर्तन से सभी 12 राशियों पर बड़ा प्रभाव पड़ने वाला है। शनि के सीधा होते ही पिछले कई महीनों से चल रही अंदरूनी परीक्षाएँ अब बाहरी, वास्तविक परिणामों में बदलना शुरू हो जाती हैं। करियर, धन, रिश्तों और स्वास्थ्य हर क्षेत्र में शनि न्याय देने के लिए सक्रिय हो जाता है।**

**यह बदलाव क्यों महत्वपूर्ण है?**

शनि कर्म, अनुशासन, देरी और जिम्मेदारियों का ग्रह माना जाता है। उसके वक्री रहने पर ऊर्जा भीतर की ओर रहती है, जिससे व्यक्ति आत्मचिंतन और सुधार के दौर से गुजरता है।

**लेकिन जैसे ही शनि मार्गी होता है**

* अटके हुए काम तेज़ी से आगे बढ़ने लगते हैं
* निर्णय और परिणाम स्पष्ट होने लगते हैं
* प्रमोशन, नौकरी बदलाव या बड़े फैसले सामने आते हैं
* मेहनत का फल मिलने या गलतियों के दंड का समय आता है

यह समय कठोर भी हो सकता है और बेहद परिणाम दायक भी,यह निर्भर करता है कि व्यक्ति ने पिछली अवधि में कितनी ईमानदारी और मेहनत की है।

**मार्गी शनि में सबसे ज्यादा प्रभावित 2 राशियाँ**

**सिंह और कन्या:** इन राशियों पर शनि का दबाव सबसे अधिक रहेगा।

**इन क्षेत्रों में चुनौतियाँ बढ़ सकती हैं :**

* वित्तीय मामले
* स्वास्थ्य
* रिश्तों में तनाव
* करियर में कड़ी परीक्षा
* पुरानी गलतियों का सामना

**इन को होगा सर्वाधिक फायदा**

**मेष, मिथुन, कर्क, कुंभ और मीन:** इन राशियों को शनि मार्गी का सबसे अधिक फायदा मिलेगा।

ये लोग वक्री शनि के दौरान आत्म-सुधार में लगे हुए थे, और अब इसके सीधे लाभ दिखेंगे:


* करियर में उछाल
* आर्थिक स्थिरता
* रिश्तों में मजबूती
* आध्यात्मिक स्पष्टता
* व्यक्तिगत परिवर्तन

**कुछ और प्रमुख बिंदु**

* यह समय सज़ा का नहीं, बल्कि सुधार का है।
* अनुशासन और ईमानदारी अपनाकर ये राशियाँ भी स्थिति को अपने पक्ष में मोड़ सकती हैं।
* मार्गी शनि जीवन को नई दिशा देगा
* 29 नवंबर का यह गोचर साल के सबसे असरदार ग्रह परिवर्तनों में से एक है।
* जिन राशियों ने आत्म-सुधार किया है, उन्हें अब फल मिलेगा।
* जिनके जीवन में दबाव बढ़ेगा, उनके लिए यह सुधार और परिपक्वता का मौका है।

## 4 और 5 दिसंबर को भारत के दौरे पर रहेंगे व्लादिमीर पुतिन

**नई दिल्ली, 28 नवंबर. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 और 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत के दौरे पर आएंगे. यह जानकारी शुक्रवार को रूस दी. भारत के विदेश मंत्रालय ने भी एक आधिकारिक बयान जारी कर इस यात्रा की पुष्टि की है.**



इस दौरे के दौरान पुतिन नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से द्विपक्षीय बातचीत करेंगे. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगी और उनके सम्मान में राजकीय भोज आयोजित करेंगी. विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा से भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा होगी और सहयोग के अगले चरण की दिशा तय की जाएगी. दोनों देशों के बीच यह बैठक 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के तहत होगी. अधिकारियों के मुताबिक, बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा होगी. साथ ही दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर भी फोकस रहेगा.